बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 20.05.2024

- बिहार राज्य के पंचम चरण अन्तर्गत कुल 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा, 5–सीतामढ़ी, 6–मधुबनी, 15–मुजफ्फरपुर, 20–सारण एवं 21–हाजीपुर (अ0जा0) में आज दिनांक 20.05.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 9,436 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 5,419 है तथा 55.85 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
5–सीतामढ़ी	57.55	59.08
6–मधुबनी	52.20	53.72
15–मुजफ्फरपुर	58.10	61.00
20–सारण	54.50	56.48
21–हाजीपुर (अ0जा0)	56.84	55.22
कुल प्रतिशत	**55.85**	**57.07**

- पंचम चरण के 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य एजेन्सियों द्वारा कुल ₹2.07 करोड़ नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस द्वारा कुल 2,11,779 लीटर शराब जब्त किया गया है, जिसका मूल्य लगभग ₹4.49 करोड़ है।
- पंचम चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 11,486 कंट्रोल यूनिट, 13,562 बैलेट यूनिट तथा 12,573 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 36 कंट्रोल यूनिट, 45 बैलेट यूनिट तथा 59 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। जबकि 28 कंट्रोल यूनिट, 32 बैलेट यूनिट तथा 86 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- पंचम चरण के निर्वाचन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 5
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 6
- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 3
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 1,260
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 27
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 33

- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 30
- 4,808 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- पंचम चरण में कुल 80 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 74 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 06 है।
- पंचम चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 95,11,186 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 49,99,627, महिलाओं की संख्या 45,11,259 तथा Third Gender की संख्या 300 है।
- पंचम चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 18,378 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 17,275 तथा महिलाओं की संख्या 1,103 है।
- बिहार राज्य के पंचम चरण में कुल 2 मतदान केन्द्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई है।

क्र.सं.	लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र	मतदान केन्द्र संख्या
1	15–मुजफ्फरपुर	88–गायघाट	140
		89–औराई	13

- दरभंगा जिला में 281, वैशाली में 437, सीतामढ़ी में 405, मधुबनी में 507, सारण में 453 एवं मुजफ्फरपुर में 324 अर्थात कुल 2,407 ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया, जहाँ अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं थी। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शामियाना की व्यवस्था की गयी। साथ ही पंचम चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, Dedicated Medical Staff, Quick Medical Team with ambulance आदि की व्यवस्था की गयी।
- आज मतदान के दौरान कुल 115 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

****